अध्याय 16

महिलाओं का सशक्तिकरण

महिलाओं का सशक्तिकरण

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल)

दिनांक 01.12.2020 की स्थिति के अनुसार सीआईएल और इसकी सहायक कंपनियों की विभिन्न स्थापनाओं में लगभग 19,463 महिला कर्मचारी कार्यरत हैं। सार्वजनिक क्षेत्र में महिला मंच (डब्ल्यूआईपीएस) की स्थापना दिनांक 12 फरवरी, 1990 को स्टैंडिंग कांफ्रेंस ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज (एससीओपीई) के तत्वाधान में की गई थी। कोल इंडिया में यह 1990 में अस्तित्व में आया। यह मंच सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में महिला सशक्तिकरण के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड में एक यौन उत्पीड़न शिकायत समिति है जिसमें भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार सदस्य हैं।

एनएलसी इंडिया लिमिटेडः

एनएलसी इंडिया लिमिटेड में 31 दिसम्बर, 2020 की स्थिति के अनुसार महिला कर्मचारियों की कुल संख्या 926 है जिसमें 320 कार्यपालक हैं। उनकी क्षमता के विकास के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया थाः

- एक डॉक्टर सहित वरिष्ठ महिला कार्यपालकों की समिति का गठन किया गया था ताकि कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों को यौन उत्पीड़न से बचाया जा सके।
- सेवारत महिला कर्मचारियों के लाभार्थ 'अनबालय' नामक शिशुसदन की शुरूआत की गई जिसमें प्रशिक्षित कार्मिक सेवारत हैं।
- डब्ल्यूआईपी के एनएलसी इंडिया लि. चौप्टर ने भी महिला कर्मचारियों के लाभ के लिए कई खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यकलाप, सामूहिक परिचर्चाओं का आयोजन किया है।
- महिलाओं हेतु कौशल विकास कार्यक्रम

माननीय भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा जारी भारतीय कौशल मिशन के परिप्रेक्ष्य में, एनएलसीआईएल द्वारा कौशल विकास एवं व्यापक स्तर पर उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने हेतु कई सारी पहल की गई हैं।

एनएलसीआईएल ने निम्न व्यवसाय भूमिकाओं में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु नये कौशल एवं उद्यम विकास प्रशिक्षण दिया हैः

- स्व–रोजगार अनुकूलन टेलरिंग
- सहायक सुन्दरता चिकित्सक
- घरेलू डेटा प्रविष्टि संचालन
- शोभाचार आभूषण
- आम कार्य सहायक
- हस्तनिर्मित अगरबत्ती
- सिलाई मशीन ऑपरेटर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह

एनएलसीआईएल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस भव्य ढंग से मनाया गया। श्रीमती विस्मिता तेज आईआरएस, संयुक्त–सचिव, कोयला मंत्रालय ने मुख्य अतिथि के रूप में अवसर को सुशोभित किया। श्रीमती एस राजेश्वरी, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, आईडल विंग, तमिलनाडु सम्मानित अतिथि थी। सेल्वी के.जयालक्ष्मी, एक विधार्थी जो नासा दौरे हेतु चयनित की गई एवं श्रीमती जोथिमनी, तमिलनाडु से 60 टन क्षमता की एकमात्र महिला ट्रक चालक उपलब्धि प्राप्ति अतिथि थीं।

महिलाओं हेतु आयोजित किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम।

- महिला कर्मचारियों हेतु स्वास्थ्य एवं आरोग्य।
- महिला कर्मचारियों के लिए स्वस्थ जीवन।
- महिला कर्मचारियों के लिए सड़क सुरक्षा।
- महिलाओं के लिए सेफ ड्राइविंग प्रैक्टिस।
- महिलाओं के लिए तनाव प्रबंधन।
- महिलाओं के लिए संधारणीय विकास।
- महिला सशक्तिकरण।
- महिला कर्मचारियों के लिए कार्य–जीवन में संतुलन।

*****